No. of Printed Pages/Questions: 2/5

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test-I(Round-I) 2026 – 2027

Class: 8 **MM: 20**

Subject: HINDI **Time: 1Hrs.**

---

1. दिए गए गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-1x5=5

गंगा का नाम भागीरथी भी है। गंगा को यह नाम क्यों मिला, इसकी भी एक कथा है। राजा सगर के कुल में कई पीढ़ियों के बाद भगीरथ का जन्म हुआ। उन्हें कपिल मुनि के आश्रम में आस-पास अपने पूर्वजों की बिखरी हड्डियाँ और आश्रम के अपवित्र होने की बात पता चली, तो वे हड्डियों के विसर्जन और आश्रम को पवित्र करने का उपाय सोचने लगे। कोई उपाय नज़र न आता देख वे राजपाट छोड़कर हिमालय की शरण में चले गए। वे वर्षों तक तपस्या करते रहे और भगवान शिव को प्रसन्न किया। शिवजी ने उन्हें हिमालय पर्वत को काटने का उपाय बताया और वे लगातार भगवान के कहे अनुसार पर्वत को काटते रहे। यह काम भागीरथ ने 20 वर्ष की आयु में आरंभ किया था। अब वे बूढ़े हो चले थे। एक दिन पर्वत में से एक पतली धारा बह चली। इस धारा को यहीं देवगंगा नाम मिला और यही स्थान गंगोत्री कहलाता है। रास्ते में अनेक छोटी नदियाँ आ मिलीं। अब देवगंगा हरिद्वार आई और भागीरथ के बताए रास्ते पर चलती हुई वहाँ पहुँची, जहाँ भागीरथ के पूर्वजों की हड्डियाँ बिखरी हुई थीं। गंगा ने सबको अपनी गोद में समेटकर पवित्र कर दिया।

(i) भगीरथ का जन्म किस कुल में हुआ था ?

(अ) राजा सगर के कुल में (ब) देवगंगा में

(स) हिमालय में (द) हरिद्वार में

(ii) भगीरथ को कौन-सी बात पता चली ?

(अ) गंगा का अन्य नाम भागीरथी होने की बात (ब) आश्रम के पास पूर्वजों की हड्डियाँ बिखरी होने की बात

(स) कपिल मुनि का आश्रम अपवित्र होने की बात (द) 'ब' और 'स' दोनों

(iii) कथन (A) और कारण (R)को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन(A)-भगीरथ हिमालय की शरण में चले गए।

कारण(R)-वे आश्रम को पवित्र करने का उपाय खोजने के लिए गए।

(अ) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iv) भगीरथ को गंगा के दर्शन कब हुए?

(अ) जब वे किशोर थे (ब) जब वे 20 वर्ष के थे

(स) जब वे प्रौढ़ हो गए (द) जब वे बूढ़े हो गए

(v) गंगा को देवगंगा नाम कहाँ मिला?

2.निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-1X5=5

सच है विपत्ति जब आती है,
कायर को ही दहलाती है,
सूरमा नहीं विचलित होते ;
क्षण एक नहीं धीरज खोते
विघ्नों को गले लगाते हैं
काँटों में राह बनाते हैं।

मुँह से न कभी उफ कहते हैं,
संकट का चरण न गहते हैं
जो आ पड़ता सब सहते हैं
उद्योग निरत रत बहते हैं
शूलों को मूल नसाते हैं
बढ़ खुद ही विपत्ति पर छाते हैं

(i) विपत्ति किसे दहलाती है?

(अ) वीरों को (ब) बहादुर व्यक्ति को

(स) कायर को (द) सभी को

(ii) वीरों के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?

(अ) विपत्ति से घबराते नहीं हैं (ब) विपत्ति का सामना करते हैं

(स) विपत्ति में होश खो देते हैं (द) विपत्ति से डरते नहीं हैं

(iii) कथन (A) और कारण (R)को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन(A)-विपत्ति आने पर डरपोक और कायर लोग दहल जाते हैं।

कारण(R)-वे अपने होश विपत्ति में डर से खो बैठते हैं।

(अ) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iv) काँटों में राह बनाने का क्या अर्थ है?

(अ) रास्ते से काँटा हटाना (ब) मुश्किलों को आसान बनाना

(स) काँटे काटकर रास्ता बनाना (द) काँटों के बीच चलना

(v) काव्यांश में क्या प्रेरणा दी गई है?

3.काव्य पाठ के आधार पर दिए गए चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए- 2X3=6

(i) किसे पत्थर के समान माना गया है?

(ii) दुनिया किन लोगों के लिए दीवानी है ?

(iii) देश-प्रेम से आप क्या समझते हैं ?

(iv) कविता में 'तोप और तलवार' शब्दों का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

5.आपके विद्यालय के पुस्तकालय में हिन्दी की पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं की कमी है। पुस्तकालय में पुस्तकों की इस कमी की ओर ध्यान दिलाते हुए प्राचार्य को एक पत्र लिखिए। 1X4=4

अथवा

आपका मित्र किसी खेल प्रतियोगिता में अंबिकापुर जा रहा है उसे शुभकामना देते हुए एक पत्र लिखिए।